तापमान

अधिकतम 39 .5 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 16 अप्रैल, 2025

11 पंडित राम चंद्र स्मृति में प्रतियोगिता का समापन हुआ



12 आज से सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ, मंडी में इंतजाम अधूरे



**खबर संक्षेप**

### बरोदा थाना क्षेत्र के गांव से किशोरी लापता

**गोहाना।** बरोदा थाना क्षेत्र के गांव में किशोरी घर से लापता हो गई। पिता की शिकायत पर पर अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया गया। ग्रामीण ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी करता है। रविवार को उसकी 15 साल की बेटी रात को खाना खाने के बाद अपनी मां के साथ सो गई थी। रात को उसकी पत्नी लघुशंका की लिए उठी तो बेटी चारपाई पर नहीं मिली। उसकी तलाश की गई लेकिन सुराग नहीं लगा। अज्ञात व्यक्ति उसकी बेटी को अपहरण करके ले गया।

### चोरीश की बाइक समेत आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित गांव कासंडा निवासी नवीन है। सेक्टर 7 निवासी सतपाल सिंह ने 13 अप्रैल को थाना शहर गोहाना मे शिकायत दी कि 8 अप्रैल को उसने बस अड्डे के सामने इंडिया मेडिकल स्टोर पर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की थी। उसकी मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया गया। थाना शहर गोहाना की अनुसंधान टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही अनूप ने अपनी पुलिस टीम के साथ इस घटना में उक्त आरोपित को चोरीशुदा मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है।

### जानलेवा हमला करने के दो आरोपित काबू

**सोनीपत।** सदर थाना पुलिस ने मारपीट कर समझौता करने का दबाव बनने के लिए जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपित गांव सलीमसर माजरा निवासी आकाश व हिमांशु है। पुलिस ने उन्हें अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गोली चलाकर हमला करने का आरोप लगाया था। गांव सलीमसर माजरा निवासी दीपक ने 11 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान पर मुकदमे दर्ज किए हुए है। आरोपित आकाश व हिमांशु के पास से देशी पिस्तौल बरामद की है।

### मोबाइल छीनने के तीन आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 थाना पुलिस ने फूड डिलिवरी ब्वॉय से मोबाइल छीनने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपित बिहार के भागलपुर निवासी मोहम्मद रेहान, वार्ड नंबर 12 सोनीपत निवासी दिलीप व गढ़ शाहजहांपुर निवासी महबूब है। इंडियन कॉलोनी निवासी अजय ने 14 अप्रैल को पुलिस को शिकायत दी थी कि वह 13 अप्रैल को फूड डिलीवरी के बाद सेक्टर-15 रोड से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में बाइक सवार तीन युवक उनका मोबाइल छीनकर भाग गए थे। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर मोबाइल व घटना में प्रयोग की गई बाइक बरामद की है।

### मैकेनिक पर लगाया मारपीट का आरोप

**खरखौदा।** शहर के एक बाइक मैकेनिक ने पड़ोसी मैकेनिक पर मारपीट का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने दो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मेवात जिले के ढिंढारा हाल खरखौदा के रहने वाले सुमित का कहना है कि उसने थाना कलां मार्ग पर जागृति स्थल के पास बाइकों की मरम्मत करने के लिए दुकान की हुई है। उसकी दुकान के पड़ोसी ने भी अपनी बाइक मरम्मत की दुकान तहसील के पास की हुई है, लेकिन वह इसी काम के चलते उससे रंजिश रखते हैं। ऐसे में उन्होंने बहाना बनाकर उसके साथ कहासुनी की और चाकू व डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया। उसने अपना इलाज करवाया। इसके बाद शिकायत पुलिस को दी गई। गोलू व नीतू के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# घर की छत पर बॉल उठाने गया था आठ साल का असद, हाईटेंशन तार ने छीन ली मासूम की जिंदगी

## पटेल नगर में हादसा, दो बड़ी बहनों का इकलौता भाई था, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

- बच्चे के कपड़े तक जल गए, तेज आवाज होने पर परिजन छत पर गए तो बच्चे को देखा
- परिजन तुरंत असद को अस्पताल लेकर गए, लेकिन नहीं बचा पाए जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

घर की छत के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन ने मंगलवार को एक मासूम की जान ले ली। पटेल नगर में हुए इस हादसे में 8 साल के असद की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब असद बॉल के साथ खेल रहा था और बॉल घर की दूसरी मंजिल की छत पर चली गई। बॉल उठाने के लिये छत पर गया तो हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। परिजन बच्चे को लेकर अस्पताल भी गए, लेकिन दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना पाकर पहुंचीं पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मोमिन अपने परिवार के साथ पटेल नगर स्थित मकान में किराए पर रहते हैं। मोमिन का बेटा असद (8) सोमवार देर शाम को बॉल के साथ खेल रहा था। इसी दौरान उसकी बॉल घर की दूसरी मंजिल की छत पर चली गई। वहां से बिजली निगम की हाईटेंशन लाइन गुजरी हुई है। बच्चा अपनी बॉल उठाने के लिए छत पर गया तो तभी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। हादसे में वह बुरी तरह झुलस गए। उनके कपड़े तक जल गए। दो-तीन घरों की बिजली की केबल भी जल गई। परिजनों को जब तेज आवाज आई तो वह भागकर छत पर गए। जहां असद झुलसी हालत में पड़ा था। परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां से उसे गंभीर हालत के चलते रेफर कर दिया। परिजनों ने बच्चे को बहालगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में पहुंचाया, जहां से भी उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। परिजन बच्चे को लेकर गुरु तेग बहादुर अस्पताल दिल्ली पहुंचे, लेकिन वहां से उसे सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया।

**परिजनों का दर्द : एक ही बेटा था, वो भी नहीं रहा**



सोनीपत। हादसे के बाद घर पर इकट्ठा हुए परिजन।



सोनीपत। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोग और पुलिस कर्मी।

**ऐसी हालत में जले हुए मिले कपड़े**



**सफदरजंग में मौत**



मृतक असद का फाइल फोटो

सफदरजंग में उपचार के दौरान बच्चे की मंगलवार को मौत हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दिल्ली में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

**राजीव जैन पहुंचे, दिया मदद का आश्वासन**



असद अपने पिता मोमिन का इकलौता बेटा था। उनसे बड़ी दो बहन है। सबसे बड़ी बहन की शादी हो चुकी है और दूसरे नंबर की बहन उनसे करीब पांच साल बड़ी है। हादसे के बाद से परिजनों को रोकर बुरा हाल है। वहीं पटेल नगर में हुए हादसे के बाद नगर निगम मेयर राजीव जैन मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने मृतक बालक के पिता मोमिन खान को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

**हाईटेंशन तारें पहले भी ले चुकी कई जान**

- 6 मार्च को गांव ताजपुर में शादी के दौरान लुटाए जा रहे नोट बटोरते समय हाईटेंशन लाइन से करंट लगकर किशोर की मौत हो गई।
- 1 जुलाई, 2024 को हाईटेंशन तार की चपेट में आकर गन्नौर क्षेत्र में कंटेनर चालक व सहायक झुलस गए थे।
- 17 जून, 2024 को गोहाना स्थित फैक्टरी में सीढ़ी घसीटकर ले जाने के दौरान हाईटेंशन तार में टकराने से तीन मजदूरों की जान गई थी।
- 20 जून, 2023 को मुरथल क्षेत्र में करंट से तीन कर्मचारी झुलस गए थे।
- अगस्त, 2022 को बहालगढ़ के पास लटकते तार से टकराकर ट्रक में आग लग गई थी। जिससे चालक करंट से जिंदा जल गया था।
- अक्टूबर, 2021 में कुंडली स्थित फैक्टरी के गेट पर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर ट्रक चालक व छोटे भाई की मौत हो गई थी।

## नाथूपुर मोड़ के पास करंट से लाइनमैन झुलसा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- फाल्ट ठीक कर रहा था कर्मचारी, अचानक बैक करंट आने से हादसा
- भाई का आरोप लापरवाही से गई जान

गांव नाथूपुर मोड़ के पास फाल्ट ठीक करते समय करंट लगने से बिजली निगम के सहायक लाइनमैन की झुलसकर मौत हो गई। मृतक के भाई ने विभागीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव चौलका निवासी अमित ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि उनके छोटे भाई अमरजीत बिजली निगम राई सब डिवीजन में सहायक लाइनमैन थे। 11 केवी दिल्ली रोड फीडर पर दो फेज की लाइन पर बिजली सप्लाई की शिकायत आई थी। जिस पर जेई योगेश ने सुबह 11:16 बजे वर्क परमिट लिया और इसकी सूचना संदीप को दी थी। संदीप ने यह जानकारी अमरजीत को दी थी। इसके बाद अमरजीत फाल्ट ठीक करने के लिए बिजली पोल पर चढ़ गए थे। उनके साथ खांडा के नवीन भी थे। इसी दौरान अचानक बैक करंट आने से उनके भाई की मौत हो गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उनके भाई की मौत बिजली निगम की लापरवाही से हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया।

## सात स्कूलों को नोटिस, निजी प्रकाशकों की किताबें बेच रहे थे, तीन दिन में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- डीईओ नवीन गुलिया ने दिए निर्देश, विद्यार्थी को किसी एक दुकान से किताबें खरीदने के लिए बाध्य न करें

शिक्षा विभाग की तरफ से जारी किए गए निर्देशों के बावजूद जिले के कई स्कूलों में निजी प्रकाशकों की किताबें बेची जा रही थी। मामला संज्ञान में आने के बाद शिक्षा विभाग की तरफ से कार्रवाई करते हुए सात स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं। जिसका स्कूलों को तीन दिन में जवाब देना होगा। ऐसा नहीं करने वाले स्कूलों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने बताया कि शिक्षा विभाग की तरफ से शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में ही सख्त निर्देश दिए गए थे कि सभी स्कूल एनसीईआरटी और एससीईआरटी की किताबें ही लगवाएं और किसी भी विद्यार्थी को किसी एक दुकान से ही किताबें खरीदने के लिए बाध्य न किया जाए, इसके बावजूद भी जिले के कई विद्यालय नियमों की अवहेलना करते पाए गए हैं। जिस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए सात स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं। डीईओ नवीन गुलिया ने बताया कि सात स्कूलों को नोटिस जारी किए हैं।

### मोबाइल छीनने का आरोपित काबू

**सोनीपत।** दिव्यांग व्यक्ति से बैग में रखे नकदी व मोबाइल छीनने के मामले में मुरथल थाना पुलिस ने दूसरे आरोपित गांव मुरथल निवासी सत्यवान को गिरफ्तार किया है। जटवाड़ा निवासी राजेश ने 13 अप्रैल को शिकायत दी थी कि वह मुरथल के ढाबों के आसपास लोगों से रुपये और जरूरत के सामान मांग कर अपना गुजर-बसर करते हैं। वह 12 अप्रैल को अपनी ई-रिक्शा लेकर घर लौट रहे थे। जब जीटी रोड पर ही रिद्धि-सिद्धि ढाबे के पास पहुंचे तो दो युवकों ने उन्हें घेर लिया था। युवक उनका बैग छीन ले गए थे। राहगीरों ने उनमें से आरोपित गांव कुराड़ निवासी हरिप्रकाश को पकड़कर पुलिस को सौंपा था।

### कंबाइन ने ग्रामीण को टक्कर मारी

**गोहाना।** गांव गंगाना-बुटाना रोड पर तेज रफ्तार कंबाइन ने पीछे से ग्रामीण को टक्कर मार दी। स्वजन उसे उठाकर गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल ले गए, जहां पर चिकित्सक ने उनको मृत घोषित कर दिया। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। गांव गंगाना के रणवीर ने पुलिस को बताया कि उसके पिता तकरीर उसके भाई कृष्ण के पास रहते थे। मंगलवार को वह, उसके पिता और अन्य स्वजन गंगाना-बुटाना रोड के पास खेत से पशुचारा लेने गए थे। वे वापस घर आ रहे थे तो हादसा हुआ।

### कंबाइन से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में लगी आग

**गोहाना।** गांव न्यात में मंगलवार को कंबाइन से निकली चिंगारी के चलते गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। इसके चलते तीन किसानों की साढ़े चार एकड़ में गेहूं की फसल और एक किसान के तीन एकड़ में फांस जलकर राख हो गए। किसानों ने आग पर काबू पाने के लिए आसपास के क्षेत्र में जोताई की। दमकल विभाग की टीम ने फायरब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया। गांव न्यात के किसान मंगलवार को कंबाइन से गेहूं की कटाई करवा रहे थे। इसी समय कंबाइन से चिंगारी निकली और गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। फसल सूखी होने से आग तेजी से फैल गई। किसानों ने ट्रैक्टरों और रोटावेटरों से आसपास के क्षेत्र में जोताई की। ट्यूबवेल चलाकर भी आग बुझाने की कोशिश की। दमकल विभाग गोहाना से टीम फायरब्रिगेड की गाड़ी लेकर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। सुभाष के दो एकड़, राजेश के दो एकड़ और सतबीर के आधा एकड़ में गेहूं की फसल जल गई।

## तीसरी यूथ हरियाणा राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीते पांच पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गोहाना में 11 अप्रैल, 2025 से 14 अप्रैल तक तीसरी यूथ (बॉयज एंड गर्ल्स) हरियाणा राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के बॉक्सरों ने 1 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक व 1 कांस्य पदक सहित कुल 5 पदक जीते। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा के सभी जिलों से लगभग 500 से अधिक बॉक्सरों ने हिस्सा लिया। जिसमें 50 किलो भारवर्ग में खेलते हुए जतिन शर्मा ने अपने सेमीफाइनल मुकाबले में साई भिवानी के पुनीत को 0-5 के स्कोर से व फ़ाइनल मुक़ाबले में भिवानी के कृष्णा को 5-0 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक, 55 किलो भारवर्ग में खेलते हुए जतिन सिंगरोहा ने अपने सेमीफाइनल मुक़ाबले में मेवात के जतिन को 5-0 के स्कोर से हराकर रजत पदक व 85 किलो भारवर्ग में खेलते हुए आर्यन ने अपने सेमीफाइनल मुक़ाबले में साई भिवानी के हनी को 5-0 के स्कोर से हराकर रजत पदक जीता। गर्ल्स प्रतियोगिता में 48 किलो भारवर्ग में खेलते हुए मुस्कान ने अपने क्वार्टरफाइनल मुक़ाबले में गुरुग्राम की रिंकी को हराकर कांस्य पदक व 80+ किलो भारवर्ग में खेलते हुए शुभिका ने अपने सेमीफाइनल मुक़ाबले में आरना गुप्ता को हराकर रजत पदक जीतकर नाम रोशन किया।



सोनीपत। पदक विजेता खिलाड़ी अपने मेडल के साथ।

**जतिन शर्मा का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन**

वहीं स्वर्ण पदक विजेता जतिन शर्मा का ग्रेटर नोएडा में होने वाली राष्ट्रीय यूथ बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए भी चयन हुआ। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी पदक विजेताओं को बधाई दी व जतिन शर्मा को शुभकामनाएं दीं।

**लगातार मिल रही शिकायतों पर गंभीर हुए मेयर**

## सीवर की लाइन खुलवाकर जांची स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मयूर विहार, इंडियन कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी में सीवरेज जाम की रोजाना मिल रही शिकायतों के मद्देनजर नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने मेन गोहाना रोड पर सीवर की बड़ी लाइन के ढक्कन खुलवाकर स्थिति जांची और अधिकारियों को डिस्पोजल सही समय पर चलाने तथा तिरंगा चौक पर गोहाना रोड एवं महलाना रोड के बीच ओवरफ्लो की लाइन डालने के निर्देश दिए। राजीव जैन सोमवार को कार्यकारी अभियंता पंकज सैनी, एसडीओ देवेंद्र खासा एवं सीवरेज की सफाई करने वाले ठेकेदारों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लाइन में गाद की स्थिति चेक करवाई। उन्होंने डिस्पोजल पर चल रही मोटरों का भी जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि डिस्पोजल की मोटर बंद नहीं होनी चाहिए। इन कॉलोनियों में सीवरेज की समस्या के समाधान के लिए जल्द ही तिरंगा चौक पर महलाना रोड की बड़ी सीवर लाइन तक नया पाइप डाला जायेगा जिस कारण गोहाना रोड के आसपास की कालोनियों का भी समाधान होगा और शम्भु दयाल स्थित डिस्पोजल पर भी पानी कम आने से राहत मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि सीवरेज लाइन में मानव अपशिष्ट के अलावा कुछ और अड़ंगा जैसे कि गोबर ना डालें ताकि सीवरेज व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके। इस मौके पर जोगेंद्र सेठा, डॉ. आज़ाद खासा, विनोद नैन, महावीर, रामपाल, सन्नी, रामबीर, रविंद्र, सोमबीर, अनुज और कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।



सोनीपत। सीवर लाइन की जांच के लिये मौके पर पहुंचें मेयर राजीव जैन साथ में अन्य।

## गांव खंदराई हत्या का मामला : 8 दोषी 3 को उम्रकैद, 5 को 1-1 साल की सजा

**गांव खंदराई में 2020 में सुमित के पीटा, मौत से पहले दिए बयान, इलाज के दौरान गई जान, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. नरिंद्र कौर की अदालत ने सुनाई सजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. नरिंद्र कौर की अदालत ने गांव खंदराई हत्या के एक मामले में आठ आरोपितों को दोषी करार दिया है। इनमें से तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है, वहीं पांच दोषियों को एक-एक साल कैद की सजा सुनाई गई है। जिन दोषियों को उम्रकैद की सजा दी गई है, उन्हें हत्या तो 1-1 साल की सजा पाने वाले दोषियों को मारपीट का दोषी माना गया है।

गांव खंदराई निवासी सुमित ने 13 मार्च, 2020 को सिटी गोहाना थाना पुलिस को बताया था कि वह 12 मार्च, 2020 की रात को गली से गुजर रहे थे। इसी दौरान पर उन पर हमला कर दिया गया था। उनका गांव के संदीप के साथ दिन में झगड़ा हो गया था। वह रात को खेत से लौट रहे थे तो संदीप के परिवार में शादी होने के कारण उनके परिवार के कई सदस्य गली में थे। सुमित ने बताया था कि रात को उसे गली में आता देखकर संदीप ने अपने परिजनों को बुलाकर उन पर हमला कर दिया था। कई हमलावर हाथों में हथियार लेकर आए थे। संदीप ने फरसे व अन्य ने चाकू, कुल्हाड़ी, सुएं व अन्य हथियारों से हमला कर दिया था। पुलिस ने मामले में सुमित के बयान पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में संदीप व गुगूल को नामजद किया गया था। बयान दर्ज कराने के बाद सुमित की पीजीआई रोहतक में मौत हो गई थी। जिस पर पुलिस ने आरोपियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में पुलिस ने संदीप, जयभगवान, रामेहर, बलजीत उर्फ आशी, नरेंद्र, अरूण, सुशील, अमित उर्फ भोला और अन्य को भी गिरफ्तार कर लिया था। मामले में आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया था।

**तीन दो दोषियों को 61 हजार 500 जुर्माना भी देना होगा**

मामले की सुनवाई के बाद एएसजे डॉ. नरिंद्र कौर ने संदीप, नरेंद्र व बलजीत को हत्या का दोषी माना है। तीनों को उम्रकैद व 20, 500-20, 500 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। साथ ही मामले में सुशील, जयभगवान, अमित, रामेहर व अरुण को मारपीट का दोषी मारते हुए एक-एक साल कैद के साथ प्रत्येक पर डेढ़-डेढ़ हजार रुपये जुर्माना लगाया है।



# 18 को रिलीज होगी 'केसरी : चैप्टर 2'

**मुंबई।** 'केसरीः चैप्टर 2' 18 अप्रैल 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन के अलावा अनन्या पांडे भी हैं। ये फिल्म वकील शंकरन नायर के परपोते रघु पलात और उनकी पत्नी पुष्पा की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है। फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की कहानी पर आधारित है। दिल्ली में स्पेशल स्क्रीनिंग में नेताओं ने फिल्म की तारीफ की। साल 2019 में खिलाड़ी अक्षय कुमार ने केसरी फिल्म से धुआं उड़ा दिया था। अब 5 साल के बाद वह फिर से इसका सीक्वल लेकर लौट रहे हैं।

## लाइफ Style



# प्रियंका हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का बनीं हिस्सा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम एक और हॉलीवुड फिल्म से जुड़ गया है। वह निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी प्रोजेक्ट में 'बेवॉच' के को-स्टार जैक एफ्रॉन के साथ फिर से जुड़ रही हैं। आगामी फिल्म में माइकल पेना और विल फेरेल भी हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# टीवी सीरीज के कलाकारों की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। हैरी पॉटर की टीवी सीरीज में कौन से कलाकार किसका रोल निभाएंगे, इस बात का खुलासा कर दिया गया है। हैरी पॉटर की सीरीज में अल्बस डंबलडोर के रोल में जॉन लिथगो नजर आएंगे। वहीं, मिनर्वा मैकगोनागल के रोल में जेनेट मैकटीर और सेलेरस स्नेप के रोल में पापा एस्सीडू नजर आएंगे। वहीं, रुबस हैग्रिड का खास रोल निक फ्रॉस्ट निभाएंगे। इन सभी के अलावा ल्यूक थैलोन क्विरिनस क्विरेल के किरदार में नजर आएंगे।




# कैटी ने अंतरिक्ष में गाया खूबसूरत गाना

**लॉस एंजिल्स।** कैटी पेरी अपनी 5 सदस्यीय महिला दल के साथ अंतरिक्ष की यात्रा कर लौट आई हैं। कुल 11 मिनट की यात्रा के दौरान वह चार मिनट अंतरिक्ष में रहीं। इस दौरान उन्होंने वहां एक खूबसूरत गाना भी गाया। धरती पर लौटते ही कैटी ने जमीन को चूमा, कहा कि यह मां बनने के बाद उनकी जिंदगी का दूसरा सबसे इमोशनल पल है। कैटी ने खुलासा किया कि उन्होंने उड़ान के दौरान 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाना भी गाया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस अनुभव ने मुझे यह दिखाया है कि आप अपने अंदर भरे प्यार को कभी नहीं जान सकते, जैसे कि आपको कितना प्यार देना है और आपसे कितना प्यार किया जाता है।' कैटी पेरी ने उड़ान भरने के दौरान अपने साथ एक डेजी का फूल भी रखा था। यह उनकी बेटी डेजी के लिए था।



# रेखा-साधना को देखकर सीखा डांस...


**मुंबई।** रवीना टंडन 90 के दशक में एक्टिंग के अलावा फिल्मों में अपने डांस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं, अब बेटी राशा थडानी से उनकी राह पर चल रही हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में राशा थडानी ने एक डांस नंबर 'ऊई अम्मा' भी किया था, इस गाने में उनके डांस को काफी पसंद किया गया। हाल ही में राशा ने बताया कि कैसे वह पहली ही फिल्म में इतना अच्छा डांस कर पाईं। साथ ही इस काम में मां रवीना टंडन ने कैसे उनकी मदद की? राशा थडानी ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क से की गई बातचीत में बताया कि मां रवीना टंडन ने डांस सीखने में काफी मदद की। राशा कहती हैं, 'मां ने मुझे रेखा, साधना जैसी एक्ट्रेस की पुरानी डांस वीडियो देखने को कहा। साथ ही सरोज खान जी की डांस ट्रेनिंग को भी देखने की सलाह दी।



# देसी अंदाज देखने पहुंच रहे दर्शक

**मुंबई।** सनी का देसी अंदाज और फिल्म की जोरदार कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है। 'जाट' ने वीकेंड के बाद भी अपनी पकड़ बनाए रखी। अगर, यह रफ्तार बनी रही तो यह फिल्म जल्द ही अपनी लागत पार कर सकती है। सनी देओल की 'जाट' दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई। पांचवें दिन फिल्म ने सात करोड़ 50 लाख रुपए की शानदार कमाई की, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन अब 47.75 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। पांचवें दिन फिल्म ने 15 करोड़ रुपए जुटाए, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 101.3 करोड़ रुपए हो गया है। एक्शन के साथ फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है।

## टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर भी तमन्ना ने खूब कमाया नाम

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में हैं। तमन्ना फिल्म में शिव भक्त बनी हैं और लोगों की मदद करती हैं। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा हिंदी फिल्मों जैसे 'बबली बाउंसर', 'एंटरटेनमेंट', 'हिम्मतवाला' और 'वेदा' में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में काम किया है।

***जी करदा :*** जी करदा भारतीय हिंदी ड्रामा है। इसे अरुणिमा शर्मा ने निर्देशित किया था। यह 2023 में प्राइम वीडियो के लिए बनाया गया था। तमन्ना भाटिया ने इसमें अहम रोल निभाया था। इसके लिए उन्हें 2023 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

***आखिरी सच :*** आखिरी सच हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली टीवी सीरीज है। इसका निर्देशन रब्बी ग्रेवाल ने किया था। सीरीज के लीड रोल में तमन्ना भाटिया थीं। वह इस सीरीज में पुलिस अफसर बनी थीं। यह सीरीज बुराड़ी मर्डर पर बनी थी। इसे डिज्नी हॉटस्टार पर जारी किया गया था। इसमें अदाकारी करने के लिए भी तमन्ना भाटिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

***नवंबर स्टोरी :*** नवंबर स्टोरी तमिल भाषा की टीवी सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर का निर्देशन इंदिरा सुब्रमण्यन ने किया है। इसके लीड रोल में तमन्ना भाटिया हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 20 मई 2021 को रिलीज हुई थी। इसे स्ट्रीमिंग ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया।

***मास्टर शेफ इंडिया- तेलुगू सीजन 1 :*** मास्टर शेफ इंडिया तेलुगु भाषा का टीवी शो है। इसके पहले 6 एपिसोड को तमन्ना भाटिया ने होस्ट किया। यह 27 अगस्त 2021 से 27 नवंबर 2021 तक जेमिनी टीवी पर प्रसारित किया गया।

***11 हॉवर :*** '11 हावर' तेलुगू भाषा की क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का निर्देशन प्रवीण सत्तारू ने किया। इसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में थीं।

***सपने सुहाने लड़कपन के :*** 'सपने सुहाने लड़कपन के' एक टेलीविजन शो है। यह मई 2012 से जनवरी 2015 तक जी टीवी पर प्रसारित हुआ। इस शो के होली वाले एपिसोड में तमन्ना भाटिया नजर आईं थीं।

# एसीपी आयुष्मान ने आते ही प्रद्युमन की मौत पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर सीरियल सीआईडी 2 में लंबे समय से शो का हिस्सा रहे एसीपी प्रद्युमन का किरदार खत्म हो गया है। शो में एसीपी प्रद्युमन के किरदार में दिख रहे शिवाजी साटम का रोल खत्म होने के बाद अब पार्थ समथान ने एसीपी आयुष्मान बनकर शो में एंट्री की है। लेकिन, आयुष्मान की एंट्री के बाद से ही उनकी सीआईडी की पुरानी टीम के साथ टशन दिख रहा है। एसीपी प्रद्युमन के बेहद खास रहे अभिजीत और दया उनकी मौत के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं, लेकिन एसीपी आयुष्मान उन्हें अपने इमोशन पर काबू रख काम पर ध्यान देने की नसीहत देता है, जिसका बाद उसकी टीम से अनबन हो जाती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आते हैं।



सीआईडी 2 के प्रोमो में एसीपी आयुष्मान के रोल में दिख रहे एक्टर पार्थ समथान अभिजीत और दया से कहते हैं, कब तक एसीपी प्रद्युमन की मौत पर आंसू बहाओगे। अपने दर्द, इमोशन और आंसू की पोटली बनाकर इसे ऑफिस के बाहर लटका कर आया करो। सीन में देखा गया कि अभिजीत और दया गुस्से से आयुष्मान को घूरते नजर आते है। इसके साथ शो के दौरान भी दया और अभिजीत की आयुष्मान के साथ बहस होती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वो कहते हैं, 'मुझे केवल परिणाम प्रभावित करते हैं। दया तुरंत उन्हें आश्वस्त करते हैं।

# इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।



**तब्बू :** अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।



**रीना रॉय :** 80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।



**मीना कुमारी :** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन' के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के कॅरियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।



**मधुबाला :** मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।



**मान्यता दत्त :** संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है।

## हसरत जयपुरी की कलम से निकले सदाबहार गाने आज भी हैं प्रासंगिक

# 11 रुपए की सैलरी पर बस कंडक्टर के रूप में शुरू किया काम

**इकबाल हुसैन था असली नाम :** हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान के जयपुर में हुआ था। उनका असली नाम इकबाल हुसैन था, लेकिन शायरी की दुनिया में उन्होंने 'हसरत जयपुरी' के नाम को अपनी पहचान बनाया। उनके पिता, नाजिम हुसैन सेना में कार्यरत थे, जबकि उनकी मां फिरदौसी बेगम एक गृहिणी थीं, जिन्हें शायरी से गहरा लगाव था। मां की यह रुचि हसरत को विरासत में मिली। आगे चलकर इसी चीज ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी।

*नई दिल्ली। हसरत जयपुरी हिंदी सिनेमा के उन गीतकारों में से एक हैं, जिनकी लेखनी ने न केवल गीतों को अमर किया, बल्कि लाखों दिलों को भी छुआ। उनकी शायरी और गीतों में प्यार, दर्द, और जिंदगी के रंग इतनी खूबसूरती से उभरकर सामने आए कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय हुआ करते थे।*



**20 साल की उम्र में लिखनी शुरू कीं कविताएं :** हसरत ने प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में ही प्राप्त की। उन्हें असली तालीम उनके नाना फिदा हुसैन 'फिदा' से मिली, जो एक मशहूर शायर थे। नाना से हसरत ने उर्दू और फारसी की बारीकियां सीखीं, जिसने उनकी शायरी को गहराई दी। बीस साल की उम्र तक हसरत ने कविताएं लिखना शुरू कर दिया था। उनकी रचनाओं में प्रेम और जिंदगी के प्रति एक अनूठा दृष्टिकोण झलकता था।

**शायरी में प्रेम की मासूमियत झलकती थी :** हसरत जयपुरी का कॅरियर एक साधारण बस कंडक्टर के रूप में शुरू हुआ। 1940 में रोजगार की तलाश में वह जयपुर से मुंबई आ गए। यहां उन्हें बेस्ट बस में कंडक्टर की नौकरी मिली, जिसके लिए उन्हें मात्र 11 रुपए मासिक वेतन मिलता था। दिनभर बस में काम करने के बाद रात में वह मुशायरों में अपनी शायरी सुनाया करते थे। उनकी शायरी में जिंदगी का दर्द और प्रेम की मासूमियत इतनी खूबसूरती से झलकती थी कि लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**इन फिल्मों के लिए लिखे सुपरहिट गाने :** बरसात की सफलता के बाद हसरत जयपुरी, राज कपूर, और शंकर-जयकिशन की तिकड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए। हसरत ने राज कपूर की फिल्मों जैसे आवारा, श्री 420, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, और मेरा नाम जोकर के लिए यादगार गीत लिखे। 1966 और 1972 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। उनकी खासियत थी कि वह साधारण शब्दों में गहरी बातें कह जाते थे। उनकी लेखनी में प्रेम, देशभक्ति, और सामाजिक मुद्दों का सुंदर समावेश होता था।

**राज कपूर के साथ खूब जमी जोड़ी :** एक मुशायरे में उनकी मुलाकात अभिनेता पृथ्वीराज कपूर से हुई, जो उनकी शायरी से बेहद प्रभावित हुए। पृथ्वीराज ने अपने बेटे राज कपूर, को हसरत से मिलने की सलाह दी। उस समय राज कपूर अपनी फिल्म बरसात (1949) की तैयारी कर रहे थे। हसरत ने इस फिल्म के लिए अपना पहला गीत 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा, जिसे शंकर-जयकिशन ने संगीतबद्ध किया। यह गीत सुपरहिट हुआ, और इसके साथ ही हसरत जयपुरी का नाम हिंदी सिनेमा में गूंजने लगा।

## प्रेमिका के लिए लिखी लाइन हुई खूब मशहूर

हसरत जयपुरी का निजी जीवन भी उनकी शायरी की तरह रंगों से भरा और भावनात्मक था। बीस साल की उम्र में उन्हें अपने पड़ोस की एक हिंदू लड़की, राधा से प्रेम हो गया था। इस प्रेम ने उनकी लेखनी को और निखारा। हसरत ने एक साक्षात्कार में कहा था, 'प्रेम का कोई धर्म नहीं होता।' उन्होंने राधा के लिए एक कविता लिखी थी, 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़ कर, के तुम नाराज न होना,' जो बाद में फिल्म संगम (1964) का हिस्सा बनी और देशभर में मशहूर हुई। हसरत जयपुरी की निजी जिंदगी की बात करें तो शादी के बाद उनकी पत्नी ने एक बेटे का जन्म दिया। बेटे के जन्म पर उन्होंने जो पंक्तियां लिखीं वो थीं, 'तेरी प्यारी-प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे,' यह लाइनें भी फिल्म ससुराल (1961) का हिस्सा बनीं।

## खबर संक्षेप

### साइकिल यात्रा का किया स्वागत

**खरखौदा।** नशा मुक्त हो हरियाणा अपना-थीम के साथ ड्रग्स फ्री हरियाणा का संदेश देते साइक्लोथॉन-2. मंगलवार को गढ़ी सिसाना मोड पर प्रवेश कर गई। जिला की सीमा पर विधायक पवन खरखौदा, जिला अध्यक्ष विजेंद्र मलिक, डीसीपी नरेंद्र कादियान, एसडीएम निर्मल नागर, डीडीपीओ जितेंद्र कुमार, एसीपी जीत सिंह बेनीवाल, चेयरमैन हीरालाल इंदौरा ने ग्रामीणों के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, विभिन्न सामाजिक संगठन प्रतिनिधियों व युवाओं ने सभी साइकिलिस्ट का फूल मालाओं से स्वागत किया।

### गोल्ड जीतकर नेशनल में जगह बनाई

**राई।** हरियाणा बॉक्सिंग संघ द्वारा "यूथ बॉक्सिंग महिला व पुरुष चैंपियनशिप" का खेल स्कूल राई से इशु और सारिका ने प्रतियोगिता में भाग लिया और शानदार जीत दर्ज करवाई। खेल स्कूल की दोनों मुक्केबाजों का चयन 20 अप्रैल से होने जा रहे यूथ नेशनल के लिया किया गया है। सारिका ने 70 किलोग्राम भार में बेहतरीन प्रदर्शन करते रोहतक की बॉक्सर मानसी को 4-1 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया। वहीं खेल स्कूल राई की इशु ने 80 किलोग्राम भार में सोनीपत की बॉक्सर शुभिका को 5-0 से मात दी और गोल्ड अपने नाम किया।

### मटिंडू में फायर सेफ्टी के ऊपर मॉक ड्रिल की

**खरखौदा।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल,मटिंडू में फायर सेफ्टी के ऊपर मॉक ड्रिल की गई। इस विषय पर अग्निशमक दल के अधिकारी धर्मवीर मलिक ने आग के प्रकार,बचाव,एवं सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी सांझा की। संजय कुमार और आनंद कुमार अग्निशमक अधिकारियों ने भी विद्यार्थियों को ट्रेनिंग की महत्ता बताई। अवसर पर प्राचार्य प्रमोद कुमार व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### पिस्तौल तानी, शोर मचाने पर व्यक्ति फरार

**गोहाना।** गांव ककाना भादरी में एक महिला ने सुबह जगने के बाद अपने घर का दरवाजा खोला तो एक व्यक्ति ने उस पर पिस्तौल तान दी। शोर मचाने पर स्वजन जाग गए और हथियारबंद व्यक्ति फरार हो गया। सीवीटीवी की जांच करने से पता चला कि हथियारबंद व्यक्ति घर में एक घंटे तक रहा। सदर थाना में केस दर्ज किया गया।
जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि सुबह चार बजे उसकी पत्नी उठी और दरवाजा खोला। उसी समय व्यक्ति ने पेट पर पिस्तौल लगा दिया। पत्नी ने शोर मचाया तो स्वजन जग गए और हथियारबंद दीवार फांद कर भाग गया।

### गेहूं की बोरी चुराने के आरोप में मामला दर्ज

**खरखौदा।** रोहतक मार्ग पर स्थित अनाज मंडी से एक युवक गेहूं की बोरी चोरी कर ले गया। आढ़ती ने दुकान में लगे सीसीटीवी की जांच की तो उसमें दिखाई दे रहे युवक को पहचान लिया। चोरी के आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दी गई है। पुलिस ने पवन की शिकायत पर छिन्नौली के तरुण के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सिसाना के पवन का कहना है कि मंडी खरखौदा में आढ़त की दुकान है। इन दिनों गेहूं का सीजन चला है, ऐसे में किसानों से गेहूं लेने के बाद उनकी तरफ से गेहूं को बोरियों में भरकर दुकान के बाहर ही स्टाक लगाया था। शक हुआ कि दबोरियों में से एक बोरी कम है। जांच की तो पाया कि युवक बाइक पर गेहूं की बोरी लेकर जाता दिखाई दे रहा है।

### बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मुकुल ने जीता सोना

**रोहतक।** शहर की हनुमान कॉलोनी वासी मुकुल ने बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल कर अपने मां बाप का ही नहीं प्रदेश का नाम रोशन किया है। गोहाना में हुई तीसरी पुरूष व महिला स्टेट बॉक्सिंग चैपियनशिप में मुकुल ने यह मैडल हासिल किया है। जिससे कॉलोनी के लोगों में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता गोहाना में 11 से 14 अप्रैल तक हुई।

## पंडित रामचंद्र की स्मृति में तीन दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन

# सीआईएसएफ को बेस्ट टीम स्पिरिट अवार्ड से किया गया सम्मानित

### विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल पहनाकर सम्मानित किया

प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशों के लगभग 700 खिलाड़ियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कन्या महाविद्यालय में आयोजित पंडित राम चंद्र की याद में 3 दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता सम्पन्न हो गई है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशों के लगभग 700 खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि खरखौदा से पार्षद अनिल कुमार व पार्षद गोपाल सैनी रहे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी बालकृष्ण पाराशर की देखरेख में यह प्रतियोगिता सफलता पूर्वक संपन्न कराई गई। इस प्रतियोगिता में सीनियर कैटेगरी -54 किग्रा (पुरुष) मनीष (दिल्ली)ने गोल्ड,जतिन (जयपुर) सिल्वर, जैखोम (दिल्ली), दिव्यांश (लखनऊ, यूपी) ने ब्रॉन्ज पदक जीता। 68 किग्रा (पुरुष) में दिनेश (सीआईएसएफ)ने गोल्ड, पंडित विशाल (गुजरात) ने सिल्वर, आलोक (दिल्ली), संजू बघेल (गुजरात)ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। 57 किग्रा (महिला) में पूर्वी आर्या (मध्य प्रदेश) ने गोल्ड,पूजा आर्यल (दिल्ली)ने सिल्वर, मनीषा (हरियाणा), काजल (दिल्ली) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। 53 किग्रा (महिला) में अंजलि (उत्तराखंड) ने गोल्ड, कोमल (हरियाणा) ने सिल्वर, आरुषि (दिल्ली)ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

फाइटर (लड़कियों में) पूर्वी आर्या, मध्य प्रदेश व (लड़कों में) मनीष, दिल्ली को घोषित किया गया। सीआईएसएफ को बेस्ट टीम स्पिरिट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने युवा आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, कोचों, निर्णायकों एवं विशेष अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



खरखौदा। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व आयोजक। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में अपनी कलाकृति के साथ विद्यार्थी।

### पोस्टर मेकिंग गतिविधि में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में मंगलवार को आर्ट एंड क्राफ्ट क्लब द्वारा पोस्टर मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। इस क्लब के अंतर्गत छात्रों को कलात्मक और रचनात्मक अभिव्यक्ति से जुड़ी विभिन्न विधाओं का ज्ञान कराया जाता है। जिससे छात्र इन विधाओं की बारिकियों को जानकर उसमें महारत हासिल कर सकें। चंचल शर्मा ने छात्रों की प्रस्तुति को देखकर उनकी प्रशंसा की तथा निरंतर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल हमें समाज की समस्याओं से अवगत कराती हैं अपितु हमारे अंदर आत्मविश्वास भी पैदा करती हैं इसलिए प्रत्येक गतिविधि में हम सभी को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।


गोहाना। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा व शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

## इंटर स्कूल टेक्नोफेस्ट के विजेता विद्यार्थी अलंकृत

- ओपीएस ने विजेता विद्यार्थियों को ट्राफी व नकद पुरस्कार से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

मंगलवार को गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल (ओपीएस) ने इंटर स्कूल टेक्नोफेस्ट में विजेता अपने मेधावी विद्यार्थियों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया। सम्मान समारोह के लिए मार्गदर्शन स्कूल की एमडी निर्मल लाठर का रहा।

अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने की जबकि संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा।बीएम इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्रोलॉजी, सोनीपत में 10 व 11 अप्रैल को इंटर स्कूल टेक्नोफेस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सोनीपत के विभिन्न स्कूलों की 12 टीमों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं की छात्रा कोमल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डिबेट में कक्षा 12वीं की छात्रा अंकिता व स्वाति व कक्षा 11वीं से छात्रा गरिमा की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। ओपीएस ने अपने विजेताओं को ट्रॉफी व प्रशंसा पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।

### गोपालपुर मार्ग पर स्थित झोंपड़ी से शव बरामद

**खरखौदा।** भोलू उर्फ कप्तान करीब 17 बरस पहले जींद से खरखौदा आकर बसा था और यहीं पर रोजगार कर रहा था। वह प्लास्टिक का सामान फेरी लगाकर बेचता था और अपने परिवार की आजीविका चला रहा था। बताया जाता है कि कई बार फेरी के दौरान वह तीन-चार दिन में एक बार घर पर आता था। मंगलवार को उसका शव गोपालपुर मार्ग स्थित उसकी झोपड़ी से बरामद हुआ है। जैसे ही मामले की सूचना पुलिस को लगी पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। इस मौके पर एफएसएल टीम भी बुलाई गई। इस मौके पर थाना प्रभारी प्रेम सिंह,एसीपी जीत सिंह बेनीवाल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उनका कहना है कि प्राथमिक तौर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत भिजवाया गया है ताकि मौत के कारणों का पता चल सके। मृतक भोलू उर्फ कप्तान के दो लड़के हैं। इस संदर्भ में परिवार के सदस्यों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

## शतरंज प्रतियोगिता में युवांश प्रथम

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चमकाया स्कूल का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर स्कूल के कक्षा प्रथम के युवांश ने जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 10 अप्रैल को किया गया, जिसमें अनेक विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवांश ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्राचार्या किरण दलाल ने विजेता युवांश को मेडल पहनाकर विद्यालय में स्वागत किया और आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।


सोनीपत। विजेता युवांश का स्वागत करती प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

## बीटेक के छात्रों ने क्वांटम तकनीक पर प्रस्तुति दी

### हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में विश्व क्वांटम दिवस पर विशेष आयोजन

- हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सोनीपत में छात्र-छात्राओं ने दी प्रस्तुति, विशेषज्ञों ने की पैनल चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सोनीपत में विश्व क्वांटम दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बी.टेक के छात्रों ने क्वांटम तकनीक पर प्रस्तुति दी और विशेषज्ञों ने पैनल चर्चा के माध्यम से क्वांटम कंप्यूटर और इसके भविष्य पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में बीटेक के छात्र एवं छात्राएं अन्वेषा, सार्थक, ज्योति, पायल, कुणाल, अभय, मृत्युंजय और देवव्रत ने क्वांटम तकनीक, क्वांटम कंप्यूटर की कार्यप्रणाली और इसके भविष्य की संभावनाओं पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियां दीं। इसके पश्चात एक पैनल चर्चा का आयोजन हुआ, जिसमें क्वांटम कंप्यूटिंग की वर्तमान स्थिति, संभावनाएं और चुनौतियों पर विचार विमर्श हुआ। चर्चा के दौरान छात्रों और प्रतिभागियों ने क्वांटम कंप्यूटर के व्यावहारिक उपयोग और आने वाले समय में इसके प्रभाव को लेकर उत्सुकता दिखाई।इस कार्यक्रम की संयोजिका कंप्यूटर साइंस विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर आयुषी रहीं, जिन्होंने इस पूरे आयोजन का सफल संचालन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार मलिक ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए क्वांटम तकनीक की महत्ता पर प्रकाश डाला।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य एवं अन्य।

## सैनी सरकार दे रही प्रदेश को विकास की नई गति : बिजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति को हर योजना का लाभ मिले इसी नीति पर भाजपा काम कर रही है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा विकास को नई गति दे रही है। भाजपा की विकासकारी नीतियों से प्रदेश का हर वर्ग खुश है। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि सरकार द्वारा यमुनानगर में 800 मेगा वाट थर्मल प्लांट परियोजना और हिसार में हवाई अड्डे की सेवा शुरू की गई है। इन दोनों विकासकार्यों से प्रदेश में विकास को और अधिक बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परियोजनाओं का लोकापर्ण किया गया। कार्यक्रम में गोहाना हलका से भारी तादाद में लोगों ने पहुंचकर शोभा बढ़ाई। इसके वे क्षेत्र के लोगों के आभारी हैं।


गोहाना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विचार साझा करते बिजेंद्र मलिक।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा से विशेष लगाव : प्रदीप सांगवान

- यमुनानगर में 800 मेगावाट का थर्मल प्लांट व हिसार में हवाई अड्डे का शुभारंभ एक नया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भाजपा से बरोदा हलका के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य प्रदीप सांगवान ने यमुनानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में हलका बरोदा से हजारों की संख्या में पहुंचने पर हलकावासियों का आभार जताया। कहा कि यमुनानगर में 800 मेगा वाट का थर्मल प्लांट के शुरू होने से प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं रहेगी। हिसार में हवाई अड्डे का शुभारंभ एक नया कीर्तिमान है। इन दोनों परियोजनाओं से हरियाणा को विकसित हरियाणा बनने में मदद मिलेगी। प्रदीप इन परियोजनाओं के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री का आभार जताया। वे बोले कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा प्रदेश से विशेष लगाव है। जितेन्द्र शर्मा, डॉ. राममेहर राठी, सूरत सिंह, महेंद्र चिड़ाना, इंद्रपाल, राजेश, पंकज शर्मा, रामनिवास सांगवान, अशोक आदि मौजूद रहे।


गोहाना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते प्रदीप सांगवान।

## वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव बंदेपुर के पास वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार इकलौते बेटे की मौत हो गई। वह रात को कंपनी में ड्यूटी पूरी कर इलेक्ट्रिक स्कूटी पर घर आ रहे थे। सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।गांव बंदेपुर निवासी जयभगवान ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। उनके पास एक बेटा व एक बेटी हैं। उनका बड़ा बेटा दीपांशु (19) जगदीशपुर स्थित एक कंपनी में काम करता था। कंपनी में इलेक्ट्रिक चूल्हा बनाने का काम किया जाता है। उन्होंने बताया कि सोमवार देर शाम दीपांशु ड्यूटी खत्म कर अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहे थे। जब वह बंदेपुर के पास स्थित बैंक्वेट हॉल के निकट पहुंचे तो किसी वाहन ने उनके बेटे की स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक अपने वाहन सहित भाग गया। मामले का पता लगते ही वह मौके पर पहुंचे। बेटे को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मामले में जयभगवान के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

**समस्या** तहसीलदार बोले-जो पैसा मांगे उसकी शिकायत करो एफआईआर दर्ज होगी

# खरखौदा तहसील में दलालों का खेल, प्रति वर्ग गज 500 रुपये रजिस्ट्री कराने की चर्चा

- तहसील के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की रजिस्ट्री नियमों के मुताबिक कुछ समय से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

तहसील के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की रजिस्ट्री नियमों के मुताबिक कुछ समय से बंद है। इसके बावजूद चर्चा का विषय है कि खरखौदा में प्रति वर्ग गज 500 रुपये लेकर रजिसट्रियां हो रही है। जैसे ही तहसीलदार मनोज कुमार तक ये चर्चा पहुंची तो उन्होंने ऐलान किया है कि तहसील का कोई भी कर्मचारी एक भी पैसा मांगता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने ये भी स्पष्ट किया है कि तहसील के कुछ डीड राईटर या अन्य दलाल अपने चक्कर में रजिस्ट्री कराने वालों से पैसे मांगते होंगे। अगर कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्री कराने के नाम पर प्रति वर्ग गज के हिसाब से या अन्य किसी भी हिसाब से पैसा की मांग करता है तो उसकी सूचना तहसील ऑफिस अथवा एसडीएम आफिस में दें। शिकायत के तुरंत बाद संबंधित दलाल की एफआईआर दर्ज करा दी जाएगी।



### अपने चक्कर में मांगते हैं पैसे

तहसीनदार मनोज कुमार का कहना है कि दस्तावेज पूरे हैं तो रजिस्ट्री को कोई रोक नहीं सकता। लेकिन बाहर दलाल ऐसे लोगों को अपने चुंगल में फंसा लेते हैं और दस्तावेज पूरे होते हुए भी उनसे मनमाफिक पैसे की डिमांड करते हैं। जबकि वे एनओसी भी साथ में लिए हुए होते हैं। जिससे उनकी रजिस्ट्री हो जाती है और दलाल पैसे कमा लेते हैं। वे तहसीलदार के नाम पर पैसे मांगते हैं। जबकि ऐसा करना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

### पूरी तहसील में लगेगे पोस्टर: तहसीलदार

तहसीलदार मनोज कुमार का कहना है कि पूरी तहसील में सूचना लिखकर पोस्टर लगाए जाएंगे कि कोई भी दलाल या कोई आफिस से जुड़ा व्यक्ति किसी भी काम के पैसे मांगता है तो उसकी शिकायत करें, जल्द कार्रवाई की जाएगी। *मनोज कुमार तहसीलदार खरखौदा।*

## बैसाखी उत्सव के उपलक्ष में यज्ञ का किया आयोजन

**गन्नौर।** गायत्री विद्यापीठ नपा रोड बसंत विहार में बैसाखी उत्सव के उपलक्ष्य में विद्यालय के अध्यापक व बच्चों ने मिलकर यज्ञ किया। विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र कौशिक, प्रधानाचार्या शकुंतला कौशिक ने बच्चों को बताया कि हवन हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है। प्राचीन समय में ऋषि मुनि हवन के माध्यम से ही जटिल से जटिल समस्याओं का समाधान कर देते थे । हवन न केवल संस्कृति का परिचायक है बल्कि हवन के पीछे एक बहुत बड़ा विज्ञान भी है । हवन करने से पर्यावरण में उपस्थित हानिकारक कीटाणुओं का नाश होता है और सकारात्मक व शक्ति वर्धक ऊर्जा का विकास होता है।



**सूचना**

मैं, विजया कुमार पुत्र श्री तेजपाल सिंह निवासी मकान नंबर-ए-54, पांचवा फ्लोर, अपेक्स ग्रीन, सोनीपत, सेक्टर-8 सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विनित कुमार तथा मेरी पुत्रवधु ज्योति मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**

## अतिरिक्त संयुक्त निदेशक ने सुनीं समस्याएं

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन कार्यालय में मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में जिला उद्योग केंद्र से अतिरिक्त संयुक्त निदेशक हितेंद्र कादियान ने शिरकत की। एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने हितेंद्र कादियान का बुके भेंट कर स्वागत किया। बैठक के दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष नवीन कौशिक ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। प्रमुख मांगों में दमकल केंद्र में दमकल गाड़ियों की संख्या बढ़ाने, भविष्य में बिजली की अनियमित कटौती को रोकने और औद्योगिक क्षेत्र की ग्रीन बेल्ट में अधिक से अधिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाने की मांग की गई। हितेंद्र कादियान ने आश्वासन दिया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की इन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, ताकि उद्योगों को सुचारु रूप से संचालित किया जा सके और पर्यावरण संतुलन भी बना रहे। बैठक में जिला उद्योग केंद्र से मंजीत दहिया, कुंवरजीत सिंह के अलावा एसोसिएशन के सदस्य निशांत गोयल, हरीश शर्मा, बलकेश कौशिक, मनोज जैन और अशोक आंतिल भी उपस्थित रहे।

### फिर से बारिश होने पर उठानी पड़ सकती है परेशानी

# आज से फिर सक्रिय हो रहा पश्चिमी विक्षोभ, हो सकती है बूंदाबांदी, मंडियों में इंतजाम पूरे नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एक पश्चिमी विक्षोभ के समाप्त होते ही दूसरे पश्चिमी विक्षोभ के आसार बन गए हैं। जिसकी वजह से बुधवार से फिर से मौसम में परिवर्तन की संभावना बना हुआ है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग और भारत मौसम विभाग (आईएमडी) की संयुक्त जानकारी के अनुसार, हरियाणा में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। 16 अप्रैल की रात से पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के चलते प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम परिवर्तन की संभावना जताई गई है। विशेषकर दक्षिण-पश्चिमी और उत्तरी हरियाणा में मध्यम से तेज हवाएं चल सकती हैं और कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है। सोनीपत जिले में भी इसका असर देखने को मिल सकता है, जहां आज रात से हवाओं की गति में तेजी आने और आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। हालांकि मौसम का यह परिवर्तन अल्पकालिक होगा। क्योंकि 17 अप्रैल से फिर से मौसम में बदलाव होगा। हालांकि इसके बाद मौसम में गर्मी बढ़ेगी। जिसके बाद से तापमान में भी बढ़ोतरी होगी। दूसरी ओर मौसम को लेकर मंडियों में कोई विशेष तैयारियां नहीं गई है। जिसकी वजह से आने वाले दिनों में मौसम की मार से किसानों के सोने पर असर पड़ेगा।




### भीग गया था गेहूं

पहले वीरवार और उसके बाद शुक्रवार को बारिश की वजह से मंडियों में रखा गेहूं भीग गया था। मंडी में तकरीबन 250 क्विंटल गेहूं नमी की चपेट में है। इसमें से ज्यादातर गेहूं शुक्रवार को हुई बारिश की वजह से नमी की चपेट में आया है। हालांकि शुक्रवार को भी मंडियों में इंतजाम के निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद मंडियों में इंतजाम पूरे नहीं किए गए थे।

मौसम विभाग ने स्थानीय किसानों और आम नागरिकों को सलाह दी है कि वे मौसम के इस बदलाव को ध्यान में रखते हुए फसलों की कटाई, भंडारण व अन्य कृषि कार्यों को यथासंभव जल्दी पूरा कर लें। क्योंकि पहले दो दिन हुई बारिश ने गेहूं की कटाई में जुटे किसानों को मौसम ने परेशान कर रखा है। नमी होने की वजह से शनिवार को खेतों में गेहूं कटाई का कार्य ठप रहा था।

**तेज व मध्यम गति की हवाएं चलेंगी**

मौसम में बदलाव जारी है। एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। जिसके चलते कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी की संभावना है। तेज व मध्यम गति की हवाएं चलेंगी। हालांकि 17 अप्रैल से मौसम में फिर से परिवर्तन होगा।

-डॉ. प्रेमदीप, कृषि विज्ञान केंद्र

### 17 से शुष्क होगा मौसम

हालांकि यह बदलाव अल्पकालिक रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार 17 अप्रैल से मौसम दोबारा साफ व शुष्क हो जाएगा। पश्चिमी हवाओं के चलते 17 से 19 अप्रैल तक दिन के तापमान में बढ़ोतरी संभावित है। इस अवधि में अधिकतम तापमान सामान्य से 2–3 डिग्री अधिक रह सकता है।

# 8.5 लाख के झांसे में गंवा दिए 4.7 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




■ सिटावली की महिला से ठगी, 24 फोन नंबर और 12 यूपीआई आईडी का किया गया प्रयोग

लक्की ड्रा में साढ़े आठ लाख रुपये जीतने का झांसा देकर सिटावली की एक महिला से साढ़े चार लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़िता के बयान पर मोहाना थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला को झांसे में लेने के लिए 24 मोबाइल नंबर व 12 यूपीआई आईडी का प्रयोग किया गया। पीड़िता के बयान पर मोहाना थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव सिटावली निवासी पिंकी ने मोहाना थाना पुलिस को बताया कि अक्तूबर, 2024 में उनके मोबाइल पर कॉल आई थी। दूसरी तरफ से बात कर रहे युवक ने कहा था कि लकी ड्रॉ में आपने साढ़े आठ लाख रुपये जीते हैं। यह राशि उनके खाते में ट्रांसफर की जाएगी। पीड़िता को विश्वास में लेने के लिए ठगों ने कुछ फर्जी बैंक आईडी और वीडियो उनके पास भेजे थे। इनमें बैंक ऑफ बड़ौदा का एक खाता नंबर दिखाया गया था। पिंकी ने बताया कि ठगों ने जीएसटी और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 15 अक्तूबर से 28 नवंबर, 2024 के बीच उनसे फोन-पे पर करीब 4.50 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिये। रुपये ट्रांसफर करने के बाद भी ठगों ने फिर से प्रोसेसिंग फीस की मांग की और फर्जी स्क्रीनशॉट भेजकर पैसों के ट्रांसफर होने का झांसा दिया। पिंकी का आरोप है कि जब उन्हें शक हुआ तो उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। आरोपितों ने महिला को ठगी का पता लगा तो मामले की सूचना पुलिस को दी।

उसने साइबर ठगों की तरफ से प्रयोग किए 24 मोबाइल नंबर और 12 यूपीआई आईडी की जानकारी पुलिस को दी है। मोहाना थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। साथ ही महिला की तरफ से उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर व यूपीआई आईडी को भी खंगाला जा रहा है।

# अभिभावक अपने बच्चों को संस्कारपूरित शिक्षा जरूर दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



■ जीवन में आगे बढने के लिए शिक्षा और संस्कारों का समन्वय बेहद जरूरी : गोयल

जीवन में सफल व्यक्ति वही कहलाता है जो संस्कारपूरित शिक्षा से परिपूर्ण हो। संस्कारपूरित शिक्षा ही किसी व्यक्ति को एक बेहतर इंसान बनाने में सहायक है। जीवन में आगे बढने के लिए शिक्षा और संस्कारों का समन्वय बेहद जरूरी है। यह बात गोहाना में खानपुर कलां मार्ग स्थित लिटल एंजल्स कॉन्वेंट स्कूल के एमडी ओमप्रकाश गोयल ने कही। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी में अच्छे संस्कार खत्म होते जा रहे हैं। इसके पीछे और कोई नहीं अपितु हम स्वयं दोषी हैं। भागदौड़ भरी जिंदगी, आधुनिक चकाचौंध और पाश्चात्य प्रभाव में हम इतने खो गए हैं कि हम हमारे सांस्कृतिक मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं। वे बोले कि आज की युवा पीढ़ी हमारे देश व समाज का भविष्य है। हमें अपने समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपने बच्चों को सामाजिक प्राणी बनाना बेहद जरूरी है। एमडी ओमप्रकाश गोयल ने कहा कि आज युवाओं में बढ़ती नशे की लत संस्कार विहीनता बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने युवाओं को अपने परिवार व समाज को बचाने के लिए नशे से दूर रहने की अपील की।

# जीवीएम कॉलेज में व्याख्यान आयोजित

■ भारतीय ज्ञान परंपरा की वर्तमान समय में प्रासंगिकता और इसके समग्र विकास में योगदान पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्टाफ एवं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

जीवीएम गर्ल्स कालेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग के तत्वावधान में आयोजित व्याख्यान की मुख्य वक्ता सहायक प्रोफेसर डा. इनायत चौधरी ने भारतीय कला और वास्तुकला के महत्व को रेखांकित किया।

संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए भारतीय कला को हमारी प्राचीन धरोहर की संज्ञा दी। जीवीएम के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित व्याख्यान का शुभारंभ मुख्य वक्ता डा. इनायत चौधरी और प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। संयोजक प्राध्यापिका डा. निहारिका ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में अग्रवाल कालेज बल्लभगढ़ की अंग्रेजी की सहायक प्रोफेसर डा. इनायत चौधरी शामिल हुई, जोकि एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद, लेखिका और साहित्य व बहुविषयक अध्ययन के क्षेत्र में विख्यात हैं।

वे भारतीय पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के संरक्षण और प्रचार-प्रसार में भी सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। व्याख्यान में 115 छात्राओं ने हिस्सा लिया। अंत में संयोजक प्राध्यापिका डा. निहारिका ने मुख्य वक्ता डा. इनायत चौधरी के प्रति आभार प्रकट करते हुए सभी का धन्यवाद किया।

# छात्रों को आग से सुरक्षा के प्रति जागरूक किया



राई। अग्नि शमन जागरूकता अभियान में प्रतिभाग करते विद्यार्थी।

■ स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में अग्नि शमन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

**राई।** स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में अग्नि शमन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को अग्नि शमन विभाग के एस.ओ. दीपक शर्मा और एस.ओ. सुमित द्वारा अग्नि सुरक्षा का अभ्यास करवाया गया। अभ्यास का उद्देश्य विद्यार्थियों में अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन निकासी प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। अधिकारियों ने अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रदर्शन किया और विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थिति में उन्हें संचालित करने का प्रशिक्षण भी दिया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधानाचार्य रोहित पंडा, मुख्याध्यापक एस. पी. सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर के 134वें जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली, कई जगह हुआ स्वागत



**गन्नौर ।** भारतीय संविधान चेतना मंच गन्नौर के संयोजन में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वां जन्मोत्सव डॉ. बी.आर.अंबेडकर चौपाल, गन्नौर में मनाया गया। कार्यक्रम से पूर्व विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में अनुयायी शामिल हुए और काफ़ी संख्या में आकर्षक झांकियां निकाली गई। जुलूस का मुख्य आकर्षण बौद्धगया विहार की झांकी थी। शोभा यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। डॉ. जावेद खान और मोहम्मद अली मोहम्मद अल फलाही की अगुवाई में काफी स्वागत किया। इस मौके पर समाजसेवी अंकिता मल्होत्रा, डॉ. कुकरेजा और एमसी अजय सरोहा ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर पर शोभा यात्रा का मुख्य पड़ाव था। मॉडर्न संस्कृति स्कूल के पास भारतीय संविधान चौक पर बाबा साहब के सम्मान में नारे लगाए। इस अवसर पर सरला फुलिया, आशा राठी, पिंकी सरोहा, प्रभा मदान, बबीता किल्सन, भारतीय संविधान चेतना मंच के संयोजक एस.पी.किल्सन, अनिल फुलिया, रामदास सरोहा, उप जिला अटॉर्नी श्री बलदेव इंदल, डॉ. धीरज राणा, एमसी टिंकू प्रधान, रोहतास कटारिया, प्रवीण बोहला, राजेश बोहला, हनी रोझा, नरेंद्र मेहरा, प्रिंस, सुमित, प्रवीण छोकर, मनोज राठी, ऋषि राज चौहान, डॉ. ओम सिंह आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# जीवन को सुखी बनाने के उपायों पर की चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आर्य समाज सेक्टर 14 में चल रहे त्रिदिवसीय आध्यात्मिक सत्संग का मंगलवार को दूसरा दिन था। गुजरात से आए स्वामी विवेकानंद परिव्राजक ने अष्टांग योग का क्रियात्मक प्रशिक्षण दिया। जीवन को सुखी बनाने के उपायों पर चर्चा की। सत्य असत्य को जाने बिना आध्यात्मिक मार्ग पर प्रवृत्ति नहीं हो सकती है।

न्याय दर्शन पढ़कर के ही व्यक्ति यह बात समझ सकता है कि मेरे लिए क्या सही है और क्या गलत है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने वेदों के आधार पर आध्यात्मिक पथ के सही जानकारी लोगों को दी है। योग जिज्ञासुओं की बहुत सारे शंकाओं का निवारण स्वामी ने किया। वर्तमान में अनेक प्रकार की भ्रांतियां आध्यात्म के नाम पर समाज में प्रचलित है। ऋषियों के ग्रन्थों को पढ़कर के ही आध्यात्मिक के सत्य स्वरूप को समझा जा सकता है। संसार में दुख है और इसलिए ईश्वर की प्राप्ति का प्रयास करना चाहिए। यही मुक्ति का मार्ग है। कार्यक्रम में आर्य समाज के प्रधान रविंद्र आर्य, मंत्री रविंद्र कुकरेजा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र मलिक सहित अनेक सदस्यगण उपस्थित रहे।

# ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथान यात्रा आज पहुंचेगी गन्नौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथान 2.0 यात्रा बुधवार को गन्नौर पहुंचेगी। एसडीएम प्रवेश कादियान के निर्देश पर तैयारी पूरी कर ली गई है।

एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि यात्रा मुरथल से शुरू होकर लड़सौली के सरकारी स्कूल पहुंचेगी। इसके बाद जीटी रोड होते हुए गन्नौर अड्डा, रेलवे रोड, देवीलाल चौक पहुंचेगी। यहां से यू-टर्न लेकर यात्रा सीसीएएस जैन गर्ल्स कालेज में पहुंचेगी जहां सोनीपत जिले में इस यात्रा का समापन होगा। इसके बाद पानीपत में प्रवेश करेगी।

## 20 हजार का इनामी आरोपित गिरफ्तार, रिमांड पर लिया

**सोनीपत।** करोड़ों रुपये की 12 एकड़ जमीन के फर्जी वसीयतनामे तैयार करने के एक मामले में पुलिस ने 20 हजार रुपये के इनामी को गिरफ्तार किया है। एसीबी सोनीपत की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे 1 दिन के रिमांड पर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपित झज्जर के बहादुरगढ़ का रहने वाला विजय है। झज्जर निवासी प्रवेश ने 28 अक्तूबर, 2020 को वित्तायुक्त को शिकायत दी थी, जिसमें तत्कालीन जिला राजस्व अधिकारी, एसके ब्रांच कानूनगो और तहसील कार्यालय के अन्य अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। मामले की जांच एडीजीपी सीआईडी पंचकूला के निर्देश पर डीएसपी मुख्यमंत्री उडनदस्ता रोहतक से करवाई गई थी। जांच में सामने आया था कि विवादित जमीन गांव सुल्तानपुर, सोनीपत में स्थित है। यह बहालगढ़ रोड पर निजी अस्पताल के पास है। वर्ष 1966 में यह जमीन मदन मोहन ने खरीदी थी। मदन मोहन की मृत्यु के बाद वर्ष 2006 में यह जमीन उनकी पत्नी संतोष और बेटे नरेंद्र अग्रवाल के नाम विरासत में दर्ज हुई। अब भी दिल्ली के पीतमपुरा निवासी नरेंद्र अग्रवाल ही इस जमीन के मालिक हैं।

## प्रदेश स्तरीय त्रिवार्षिक सम्मेलन में भागीदारी का लिया संकल्प

**गन्नौर।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक मंगलवार को उपमंडल अस्पताल केंद्र गन्नौर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुलदीप दहिया ने की, जबकि मंच संचालन महासचिव राजकुमार नैय्यर द्वारा किया गया। बैठक में आगामी प्रदेश स्तरीय त्रिवार्षिक सम्मेलन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें ब्लाक गन्नौर ने सौ प्रतिशत भागीदारी का संकल्प लिया। बैठक में ब्लाक गन्नौर द्वारा आनंद राणा के नाम का प्रस्ताव जिला कार्यकारिणी में आडिटर पद के लिए रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। वहीं ईश्वर लाल को जिला कार्यकारिणी में मुख्य सलाहकार पद पर नियुक्त करने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित हुआ। इस अवसर पर संदीप राणा, सतेंद्र, समुंदर सिंह, परवीन, मंजीत, संदीप लोहरा व अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



## महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण पैदा करना अनिवार्य

**सोनीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 12 सोनीपत में महिला प्रकोष्ठ व आंतरिक शिकायत समिति के अंतर्गत जॉन उत्पीड़न निषेध अधिनियम 2013 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। भगत सिंह महिला विश्वविद्यालय कानपुर कला सोनीपत के ला विभाग से सहायक प्रोफेसर डॉ. कृतिका दहिया रही। छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए डॉ. कृतिका दहिया ने बताया कि भारत सरकार ने 2013 में यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए यह महत्वपूर्ण कानून बनाया है इस कानून के तहत सभी कार्य स्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण पैदा करना अनिवार्य है। यौन उत्पीड़न में अवांछित शारीरिक संपर्क या अनुग्रह की मांग और अन्य अवांछित व्यवहार शामिल है। यौन उत्पीड़न के शिकार अक्सर तनाव उदासी और चिंता जैसी भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक कीड़ा का अनुभव करते हैं।

### सेना में होना गर्व की बात : एआरओ

# सेना भर्ती में छात्रों ने दिखाई रुचि

■ विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक लिए गए हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। सेना भर्ती कार्यालय के रोहतक केन्द्र से एआरओ नरेन्द्र कुमार भर्ती के बारे में बताते हुए। फोटो : हरिभूमि

अग्निपथ योजना व रेगुलर एंट्री के तहत सेना में भर्ती होने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में उत्साह दिखाई दिया। सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने के लिए युवाओं को जागरूक करने और उनका पंजीकरण करवाने के लिए सेना भर्ती कार्यालय के रोहतक केन्द्र से एआरओ नरेन्द्र कुमार स्कूल में पहुंचे। एआरओ ने बताया कि सेना में होना गर्व बात है। यह अवसर हर किसी को नहीं मिलता इसलिए किसी भी युवा को गवाना चाहिए।

उन्होंने कहाँ हमारे यह मौका नही जवान दिन रात सीमा पर ड्यूटी कर हमारी व देश की रक्षा करते है। उन्होंने युवाओं से कहा कि इस अवसर का लाभ उठाएं। नरेन्द्र कुमार ने बताया कि अग्निपर योजना व रेगुलर एंट्री के तहत इच्छुक उम्मीदवार सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अग्निपथ योजना के तहत जिले के युवक अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर लिपिक व स्टोर कीपर तकनीकी अग्निवीर ट्रेड्समैन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## प्रदेश स्तरीय त्रिवार्षिक सम्मेलन में भागीदारी का लिया संकल्प

गन्नौर। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक मंगलवार को उपमंडल अस्पताल केंद्र गन्नौर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुलदीप दहिया ने की, जबकि मंच संचालन महासचिव राजकुमार नैय्यर द्वारा किया गया। बैठक में आगामी प्रदेश स्तरीय त्रिवार्षिक सम्मेलन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें ब्लाक गन्नौर ने सौ प्रतिशत भागीदारी का संकल्प लिया। बैठक में ब्लाक गन्नौर द्वारा आनंद राणा के नाम का प्रस्ताव जिला कार्यकारिणी में आडिटर पद के लिए रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। वहीं ईश्वर लाल को जिला कार्यकारिणी में मुख्य सलाहकार पद पर नियुक्त करने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित हुआ। इस अवसर पर संदीप राणा, सतेंद्र, समुंदर सिंह, परवीन, मंजीत, संदीप लोहरा व अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

PARAS CA
INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD.
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
Paras CA Foundation RESULT 80% to 90%
Admission OPEN FOR CA Foundation Sept. 25
350 DRISHTI
344 MANAN
339 DARSHIL
Batches Start 21st April 25
Book your seat now
Near City Mall, Sonipat
Call : 9149112716
7015755714